उ.प्र. कोआपरेटिव बैंक लि.
मुख्यालय, 2, महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ

पीबीएक्स 0522–4151200
फैक्स 0522–2629284
ई.मेल upcb.bkg@upscb.com

पत्राँक : बैंकिंग / व्यव. / एफ–14(iv) / 2024–25 / 77
दिनाँक : 19 अप्रैल, 2024

**मुख्य प्रबन्धक / शाखा प्रबन्धक,**
**उ.प्र. कोआपरेटिव बैंक लि.,**
**समस्त शाखाएं,**
**उत्तर प्रदेश।**

**विषयः व्यवसाय विविधीकरण योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 में ऋण वितरण हेतु शाखावार आवन्टित लक्ष्य ।**

बैंक के संसाधनों के लाभप्रद विनियोजन, बैंकिंग ऋण व्यवसाय तथा बैंक की लाभप्रदता बढ़ाने के उद्देश्य से व्यवसाय विविधीकरण योजनान्तर्गत वर्तमान में निम्नलिखित ऋण योजनायें बैंक में संचालित की जा रही हैं :–

| क्र0सं0 | ऋण योजना का नाम |
|---|---|
| 1 | व्यक्तियों को व्यक्तिगत ऋण |
| 2 | गृह निर्माण / मरम्मत / परिवर्तन / परिवर्धन आदि के लिये वित्त पोषण |
| 3 | अचल सम्पत्ति के विरूद्ध ऋण |
| 4 | टू–व्हीलर ऋण |
| 5 | व्यक्तियों को निजी प्रयोग के लिये कार क्रय हेतु ऋण |
| 6 | टाप–अप ऋण (गृह ऋण) |
| 7 | गोल्ड ऋण |
| 8 | व्यवसायियों / फर्मों को व्यवसाय हेतु वित्त पोषण |
| 9 | तकनीकी / प्रोफेशनल पाठ्क्रमों की शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिये उनके अभिभावकों की प्रतिदान क्षमता के आधार पर शिक्षा हेतु ऋण |
| 10 | मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षकों / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों को अस्थाई अधिविकर्ष |
| 11 | स्माल रोड ट्रान्सपोर्ट आपरेटर्स की श्रेणी के अन्तर्गत छोटे व्यवसायिक वाहनों के लिये वित्त पोषण |
| 12 | व्यवसायियों को बिजनेस टर्म लोन |
| 13 | पीएम स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना |
| 14 | डेरी हेतु ऋण |
| 15 | मुर्गी पालन ऋण |
| 16 | मत्स्य पालन ऋण |
| 17 | एग्री क्लीनिक्स एवं एग्री बिजनेस सेण्टर हेतु ऋण |
| 18 | रिन्यूएवल एनर्जी हेतु ऋण |
| 19 | एग्रो प्रोसेसिंग हेतु ऋण |
| 20 | गृह ऋण टेक ओवर |
| 21 | एमएसएमई ऋण |
| 22 | पी0एम0 विश्वकर्मा योजना |
| 23 | मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार योजना |
| 24 | एफपीओ को ऋण |

उपरोक्त योजनाओं के अन्तर्गत रिटेल बिजनेस में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से बैंक की सभी 40 शाखाओं को वर्ष 2024–25 हेतु कुल लक्ष्य रू0 42500.00 लाख शाखावार/माहवार आबन्टित किये जाते हैं, जिनका विवरण **परिशिष्ट–1** पर संलग्न है। **आवंटित लक्ष्य न्यूनतम हैं।**

समस्त शाखा प्रबन्धकों/मुख्य प्रबन्धकों से अपेक्षित है कि व्यवसाय विविधीकरण की उक्त समस्त योजनाओं के अन्तर्गत मुख्यालय द्वारा निर्धारित किये गये लक्ष्यों से शाखा में कार्यरत समस्त कार्मिकों को अवगत कराते हुए सभी योजनाओं में ऋण वितरण करना सुनिश्चित करें। वर्ष 2024–25 की वार्षिक चरित्र प्रविष्टि अंकित करते समय उक्त योजनाओं के अन्तर्गत कराये गये ऋण वितरण को भी संज्ञान में लिया जायेगा।

**संलग्नक : यथोक्त।**

(आर0के0 कुलश्रेष्ठ)
प्रबन्ध निदेशक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक/प्रभारी क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ.प्र. कोआपरेटिव बैंक लि., क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि जब तक कि क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय अग्रिम आदेशों तक संचालित है, अपने क्षेत्राधिकार के अधीन शाखाओं में लक्ष्यों की शत–प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करायें।
2. समस्त महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक, उ.प्र. कोआपरेटिव बैंक लि., मुख्यालय, लखनऊ।
3. महाप्रबन्धक (आईटी), उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि बैंक की वेबवाईट पर परिपत्र अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
4. मुख्य महाप्रबन्धक, उ.प्र. कोआपरेटिव बैंक लि., मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि पाक्षिक समीक्षा कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।
5. निदेशक, कृषि सहकारी स्टाफ प्रशिक्षण संस्थान, इन्दिरानगर, लखनऊ।
6. अध्यक्ष , उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, लखनऊ को, अवलोकनार्थ।

प्रबन्ध निदेशक

